नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(AMiniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

पत्र क0 एनसीएल/ज0स0वि0/प्रेसवि0/2017–18/68 दिनांक– 17/05/2017

प्रेस विज्ञप्ति

सुरभि महिला समिति ने बनाया युवतियों को हुनरमंद

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोरी क्षेत्र (एरिया) की सुरभि महिला समिति द्वारा संचालित सौंदर्य प्रशिक्षण कोर्स मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से समिति ने अमलोरी क्षेत्र के आस–पास की युवतियों को सौंदर्य शास्त्र के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह अमलोरी क्षेत्र के अधिकारी मनोरंजन गृह में आयोजित किया गया, जिसमें सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अंजना झा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं।

प्रशिक्षणार्थी युवतियों को ब्यूटीशियन ट्रेनर श्रीमती वंदना वलेचा ने एक महीने तक थ्रेडिंग, ब्लीचिंग, फेशियल, मेहंदी लगाने, हेयर कटिंग व स्टाइलिंग, वैक्सिंग आदि की निःशुल्क ट्रेनिंग देकर खुद का ब्यूटी पॉर्लर खोलने में सक्षम बनाया। समापन समारोह में ट्रेनी युवतियों को ट्रेनिंग प्रमाण–पत्र भी दिए गए। युवतियों ने निःशुल्क ब्यूटीशियन ट्रेनिंग देने के लिए सुरभि महिला समिति की सदस्याओं को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि समिति भविष्य में भी इसी प्रकार उनकी मदद करती रहेगी।

सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अंजना झा ने ट्रेनी युवतियों को कोर्स के दौरान सीखे गए हुनर का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के प्रति प्रोत्साहित किया। साथ ही, उन्होंने युवतियों को समिति द्वारा भविष्य में भी हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि सुरभि महिला समिति अपने कल्याणकारी कार्यों के जरिए अमलोरी क्षेत्र के आस–पास के जरूरतमंद लोगों के कल्याण के प्रति निरंतर प्रयासरत है। समिति ने हाल ही में 100 ग्रामीण परिवारों के बीच बर्तन वितरण किया था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समिति ने महिला सशक्तिकरण विषय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली 19 महिलाओं को सम्मानित भी किया था।

जनसंपर्क अधिकारी